ईद की नमाज, अमन चैन की मांगी दुआ

महू। रमजान के 30 रोजे के बाद शनिवार को मुस्लिम समाज ने मीठी ईद उल्लास के साथ मनाई। सुबह किशनगंज नाका स्थित ईदगाह पर की नमाज अदा की गई। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। बड़ी संख्या में समाज के युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने एक साथ नमाज अदा की। ईद का उल्लास दिनभर चलता रहा।

युकां के प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता पहुंचे पीथमपुर, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

आगामी विस चुनाव की तैयारी में जुट जाएं

पीथमपुर » दबंग रिपोर्टर

प्रदेश युवक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्य गुप्ता शनिवार को पीथमपुर पहुंचे। उन्होंने नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल व कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उनके साथ पूर्व धार जिला युवक कांग्रेस के नेता रहे। हरदेव सिंह जाट, गोरधन बिरला, परमेश्वर रघुवंशी, संदीप रघुवंशी, पार्षद लालू शर्मा, ओमप्रकाश जरिया, पार्षद

प्रेमचंद पाटीदार सहित कांग्रेसियों से मुलाकात की। श्री गुप्ता ने पहले पीथमपुर में बीजेपी को पछाड़कर प्रदेश की सबसे अधिक बजट वाली पीथमपुर नपा में कांग्रेस की परिषद बनाने के लिए युवा कांग्रेसी और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट और सक्रिय करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में दौरा कर रहे हैं।

खुशी का विषय है कि जानापाव को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है- मुख्यमंत्री

महू » दबंग रिपोर्टर

भगवान परशुराम की जयंती पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव पहुंचे। उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री चौहान ने जानापाव में चल रहे विकास कार्यों और आगामी समय में कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कार्ययोजना को भी देखा। खुशी का विषय है कि जानापाव को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद वीडी शर्मा, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, सांसद छतरसिंह दरबार, अरविंद शर्मा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना मालवीय, इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक राजेश सोनकर, राष्ट्रीय परशुराम परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला, संत हीरानंद उपस्थित थे। कार्यक्रम को रामकिशोर शुक्ला और सुनील भराला ने भी संबोधित किया।

अक्षय तृतीया पर भगवान चक्रधर का केसर से अभिषेक हुआ

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

सनातन धर्म मन्दिर में शनिवार को अक्षय तृतीया पर्व उत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। प्रधानमंत्री महेश नीखरा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 9 बजे मुख्य पुजारी पण्डित रमाकान्त शास्त्री एवं पण्डित देवेन्द्र शास्त्री के आचार्यत्व में भगवान श्री चक्रधर का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण विधिविधान से केसर अभिषेक हुआ।

मुख्य यजमान रामेश्वर दास एवं मृदुल गुप्ता थे। अभिषेक के उपरांत भगवान चक्रधर के सर्वाङ्ग में केशर चन्दन लेपन किया गया ताकि उन्हें भीषण गर्मी से राहत मिल सके। साथ ही मोंगरे की कली पुष्पों से श्रृंगार हुआ। अक्षय तृतीया पर्व पर ठाकुरजी के चरण दर्शन विशेष आकर्षण रहे। ठाकुरजी के चरणों में महावर लगाकर केशर चन्दन लेपन किया गया। चरणों का सौंदर्य अत्यंत मनमोहक था। आरती पूजन के उपरांत सतुआ एवं फलों का प्रसाद वितरण किया गया। सायंकाल में भजनों का कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर कैलाश मित्तल, महेश नीखरा, ओमप्रकाश गोयल, विमल माहेश्वरी, हरिशंकर सिंघल, नरेन्द्र मंगल, अजय गुप्ता, राजेश गर्ग, राकेश बंसल, केदारनाथ, मनोज सांघी, शशिकांत माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकली

सागौर/पीथमपुर। अक्षय तृतीया पर शाम को सर्व ब्रह्मण समाज ने भगवान परशुराम की शोभा यात्रा निकाली। यात्रा नीलकंठ महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई जो प्रमुख मार्गों से होते हुए राघव मंदिर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना और भारत माता की आरती के बाद समाप्त हुई। प्रसादी वितरण की गई। यात्रा में समाजजन के अलाव समस्त सागौरवासी शामिल हुए।

शोभायात्रा में पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामनारायण चौधरी, सुभाष भंडारी, व्यामशाला के उस्ताद मदन चौधरी सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। शोभायात्रा प्रभारी समाजसेवी प्रमोद जोशी, राकेश शर्मा, उमेश शर्मा, पवन शर्मा, संदीप पाठक, हर्षित जोशी व समाजजनों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। सागौर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह भदौरिया सहित पुलिस बल तैनात रहा।

मंच लगाकर किया स्वागत

शोभायात्रा 2 किमी पैदल चलकर ढोल-डीजे के साथ निकली थी। बग्गी में भारत माता की तस्वीर रखी थी। ऊंट व घोड़े पर युवक-युवतियां और जीप में अवधेश तिवारी भगवान परशुराम बनकर सवार थे। महिलाएं लाल वस्त्र में और बालिकाएं साफा बांध कर चल रही थीं। समाजजन आचार्य चाणक, दयानंद सरस्वती और आर्य भट्ट बनाकर घोड़े पर विराजित थे। यात्रा के दौरान राष्ट्र, फिर समाज, फिर जय परशुराम का उद्घोष महिलाएं और समाजजन लगा रहे थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज जन शामिल हुए।

शोभायात्रा में इंडोरामा से सुधीर मिश्रा, बरदरी से शरद शर्मा, खंडवा खेड़ा और पीथमपुर सहित अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। ब्राह्मण समाज के अलावा हर समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। विभिन्न समाजों द्वारा जगह-जगह पर मंच लगाकर स्वागत किया गया।

संस्कार एकेडमी के संचालक राजेश सोलंकी, प्रकाश सोलंकी, निलेश सोलंकी ने स्वागत किया। धाकड़ समाज की ओर से राजेश चौधरी मित्र मंडल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष हंसराज पटेल, स्कूल चौराहे पर रज्जू पटेल, अमृत पटेल, युवा मोर्चा के पंकज पटेल ने स्वागत किया। बस स्टैंड से राघव मंदिर तक बाजार में प्रवीण पाटीदार, प्रमोद शारदा, मूलचंद सूर्यवंशी, गौरव परमार, कमलेश परमार, राजेश चांडक, मदन रघुवंशी ने स्वागत किया।

महिलाओं ने सीएम को राखी भेंट की

महू। भगवान परशुराम की जयंती पर मुख्यमंत्री चौहान जानापाव पहुंचे, इसके पूर्व वे बड़कुआ और एक अन्य स्थान पर पहुंचे थे, जहां बहनों ने उन्हें राखी भेंट की। जगह-जगह स्वागत किया गया। महिलाओं ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महिलाएं हमारी लाड़ली बहना हैं, उनके कल्याण और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं रखी जाएगी, उनके सम्मान की रक्षा भी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के समग्र कल्याण को देखते हुए लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। यह एक क्रांतिकारी योजना है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे आगे आकर इस योजना का लाभ उठाएं।

विकलांगों को बिना यूडी आईडी कार्ड के नहीं मिलेगा लाभ

ग्वालियर। सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन सशक्तिकरण विभाग मंत्रालय भोपाल के दिशा निर्देश अनुसार मध्यप्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा विकलांग जनों के लिए संचालित समस्त विभागीय योजनाओं का लाभ बिना यूडी आईकार्ड के नहीं मिलेगा। शहर जिला कांग्रेस विकलांग कल्याण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनूप जौहरी ने जानकारी देते हुए कहा कि यूडी आईडी कार्ड बनाए जाने की कार्रवाई किए जाने हेतु मंत्रालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, सिविल सर्जन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को पत्र जारी किए है। जौहरी ने समस्त विकलांगजनों से अनुरोध किया है कि जिन विकलांग भाई बहनों ने अभी तक अपना यूंडी आईडी कार्ड नहीं बनवाया है।

Yellow Diamond

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
सीआईएन: L15311MP2009PLC021746
पंजीकृत कार्यालय: खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत। दूरभाष: (0731) 243 9999
ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

डाक मतपत्र सूचना

कंपनी के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि धारा 110 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्य लागू प्रावधानों (अधिनियम) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 के अनुसार, (नियम), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के विनियम 44 (सूचीकरण बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015, (सूचीकरण विनियम) (किसी भी वैधानिक संशोधन (संशोधनों) सहित, या पुनः अधिनियमन (एस) तत्संबंधी, फिलहाल लागू), सामान्य परिपत्र संख्या 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022, 20/2021 दिनांक 08 दिसंबर, 2021, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 और 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 द्वारा जारी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए परिपत्र), कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों (एसएस -2) पर सचिवीय मानक भारत, एक पोस्टल बैलेट नोटिस दिनांक 13 अप्रैल, 2023, प्रताप स्नैक्स लिमिटेड (कंपनी) के सदस्यों के अनुमोदन की मांग करते हुए पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित संकल्पों पर केवल उन सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से भेजा गया है जिनके ई-मेल पते कंपनी या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट या डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं और जिनके नाम कट-ऑफ तारीख यानि शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023 को सदस्यों के रजिस्टर / लाभार्थी मालिकों की सूची में परिलक्षित हैं। कंपनी ने शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023 को ई-मेल के माध्यम से पोस्टल बैलेट नोटिस भेजा है।

पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर उपलब्ध है। स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट जहां कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, यानि www.nseindia.com पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और www.bseindia.com बीएसई लिमिटेड और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

नियमों, लिस्टिंग विनियमों और एमसीए परिपत्रों के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार, प्रस्तावित संकल्पों पर मतदान का तरीका केवल ई-वोटिंग तक ही सीमित है, अर्थात फिजिकल पोस्टल बैलट फॉर्म जमा करने के बजाय इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट डालना है। कट-ऑफ तारीख 14 अप्रैल, 2023 को सदस्यों के वोटिंग अधिकार कंपनी की पेड इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।

कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए अधिकृत ई-वोटिंग एजेंसी सीडीएसएल की सेवाएं ली हैं। ई-वोटिंग अवधि के दौरान, कट-ऑफ तारीख यानी शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023 को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य संकल्पों के संबंध में केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं ऐसा पोस्टल बैलेट नोटिस में निर्धारित किया गया है। एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, उसे इस पोस्टल बैलेट नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से मानना चाहिए।

ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 24 अप्रैल, 2023 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होती है और मंगलवार, 23 मई, 2023 को शाम 5:00 बजे समाप्त होती है (आईएसटी)। इसके बाद वोटिंग के लिए सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग सुविधा बंद कर दी जाएगी।

सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ई-वोटिंग सुविधा पर सेबी के परिपत्र दिनांक 9 दिसंबर, 2020 के अनुसार, सभी व्यक्तिगत डीमैट खाताधारकों के लिए ई-वोटिंग प्रक्रिया को उनके डीमैट खातों / डिपॉजिटरी की वेबसाइटों के माध्यम से एकल लॉगिन क्रेडेंशियल के माध्यम से सक्षम किया गया है। मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करने के लिए अपने संबंधित डीपी/आरटीए के साथ अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल पता अपडेट करें। पोस्टल बैलेट नोटिस में ई-वोटिंग की लॉगिन विधियों के लिए विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

सदस्य, जो डीमैट धारण के मामले में अपना ई-मेल पता अपडेट या पंजीकृत करना चाहते हैं, कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और अपने ई-मेल पते को पंजीकृत करें, उनके डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार और भौतिक रूप से होल्डिंग, फॉर्म ISR-1 विधिवत भरा हुआ और हस्ताक्षरित KFin Technologies Limited, कंपनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट einward.ris@kfintech.com पर भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे शेयर ट्रांसफर एजेंट, KFin Technologies Limited, सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर-बी, प्लॉट नंबर 31 और 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद - 500032, तेलंगाना, भारत में संपर्क करें या einward.ris@kfintech.com पर ईमेल भेजें। शेयर ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट https://www.kfintech.com है।

रिमोट ई-वोटिंग का परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में गुरुवार, 25 मई, 2023 को या उससे पहले घोषित किया जाएगा। उक्त परिणाम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रदर्शित किया जाएगा, स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा जहां कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं और कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in और सीडीएसएल कंपनी की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे पोस्टल बैलट नोटिस में निर्धारित सभी टिप्पणियों विशेष रूप से रिमोट ई-वोटिंग के लिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

यदि सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के संबंध में आपके कोई प्रश्न या मुद्दे हैं, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल लिख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी को भेजी जा सकती हैं। मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल भेजें या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।

कृते प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
(हस्ताक्षर)
ओम प्रकाश पाण्डे
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान : इंदौर
दिनांक: 22 अप्रैल, 2023

ब्राह्मण समाज ने निकाली परशुराम की शोभायात्रा

महू » दबंग रिपोर्टर

भगवान परशुराम की जयंती पर ब्राह्मण समाज द्वारा शाम को चना गोदाम स्थित ब्राह्मण धर्मशाला से परशुराम की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः ब्राह्मण समाज धर्मशाला पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

कर्मचारी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

पीथमपुर » दबंग रिपोर्टर

सेक्टर-3 रानेका इंडस्ट्रीज लिमिटेड में कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवाई वितरण शिविर लगाया गया। आयोजन यूनिक हॉस्पिटल इंदौर की डॉ. सुहानी कायल के नेतृत्व में डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. अंकित तिवारी, डॉ. विजय ठाकुर, डॉ. पराग चांडक, डॉ. विशाल सहित 15 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं नर्ससिंग स्टाफ ने नाक, कान, गला, आंख, हृदय, किडनी, हड्डी रोग की जांच की गई। कंपनी के चेयरमैन आरके जैन एवं एमडी कपिल जैन द्वारा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। कुछ कर्मचारियों को आवश्यक उपचार के लिए यूनिक हॉस्पिटल इंदौर भेजा गया। कंपनी के मैनेजर एसएन चतुर्वेदी ने बताया कि श्री जैन द्वारा 25 वर्षों से प्रतिवर्ष स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर लगया जा रहा है। कंपनी कर्मचारियों के साथ, उनके परिजनों को लाभ दिया जाता है। शिविर में थाना बगदून, थाना सागौर का पुलिस स्टाफ, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिकारी राजेश यादव एवं अन्य विभागों को आमंत्रित किया गया।

तरण पुष्कर में स्वच्छता की स्वर लहरियों के बीच नागरिक लेंगे तैराकी का आनंद

ग्वालियर। निगमायुक्त हर्ष सिंह ने तरण पुष्कर में निरीक्षण कर स्विमिंग के लिए प्रतिदिन आने वाले नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता संगीत बजाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त के निर्देश पर शनिवार से ही तरण पुष्कर में स्वच्छता संगीत प्रारंभ कर दिया गया है, जिसका अवलोकन निगमायुक्त सिंह ने किया।

निगम द्वारा संचालित तरण पुष्कर स्विमिंग पूल में अब तैराकी करने के लिए आने वाले सभी नागरिक स्वच्छता की स्वर लहरियों के बीच तैराकी का आनंद लेंगे। शनिवार से स्वच्छता संगीत तरण पुष्कर में प्रारंभ किया गया। सिंह ने तरण पुष्कर में जिम एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान को निर्देश दिए कि तैराकी के संबंध में सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी खेल सत्यपाल सिंह चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।